मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
किसान भवन, 26, अरेरा हिल्स, भोपाल

वेबसाइट - www.mpmandiboard.gov.in
ईमेल आईडी - niyaman.mpsamb@gmail.com

क्र/बोर्ड/नियमन/FPO-FPC/पार्ट/ 3751 **भोपाल, दिनांक** 29 **/08/2023**

प्रति

संयुक्त संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
आंचलिक कार्यालय - _____ (समस्त)

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
_____ जिला - _____ (समस्त)

विषय : **किसान उत्पादक संगठन एवं किसान उत्पादक कंपनी के द्वारा अधिसूचित कृषि उपज के संग्रहण एवं व्यापार के लिए जारी दिशा-निर्देश के संबंध में।**

संदर्भ : **परिपत्र क्रमांक/बी-6/नियमन/अनुज्ञप्ति/2046, दिनांक 18.06.2019।**

किसान उत्पादक कंपनी को मंडी कृत्यकारी के रूप में कार्य करने में आने वाली समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए व्यवस्था संबंधी निर्देश संदर्भित परिपत्र से प्रसारित किए गए थे। जारी निर्देशों के संबंध में निम्नानुसार स्पष्टीकरण जारी किया जाता है-

i. उक्त परिपत्र **किसान उत्पादक कंपनी (FPC) तथा किसान उत्पादक संगठन (FPO)** दोनो के संदर्भ में लागू होगा।

ii. अपने किसान सदस्यों से कृषि उपज के केवल संग्रहण हेतु संग्राहक के रूप में कार्य करने के लिए संबंधित किसान उत्पादक कंपनी (FPC) तथा किसान उत्पादक संगठन (FPO) अपने किसान सदस्यों से कृषि उपज का संग्रहण कर सकेंगे तथा संग्रहीत स्टॉक को अधिसूचित मंडी प्रांगण, अधिसूचित उप मंडी प्रांगण, e-NAM, e-Trading Portal, MP FarmGate App आदि पर (किसी सामान्य कृषक के जैसे) विक्रय कर सकेंगे। इसमें मंडी शुल्क तथा निराश्रित शुल्क का नियमानुसार भुगतान क्रेता व्यापारी के द्वारा किया जाएगा।

iii. उक्त अनुसार किसान उत्पादक कंपनी (FPC) तथा किसान उत्पादक संगठन (FPO) को संग्राहक के रूप में कार्य करने हेतु संबंधित कृषि उपज मंडी समिति में केवल निःशुल्क पंजीयन करना होगा। संग्राहक के रूप में कार्य करने हेतु किसी अनुज्ञप्ति की आवश्यकता नहीं होगी।

2. संदर्भित परिपत्र की शेष कंडिकाएं उपरोक्तानुसार यथावत प्रभावशील रहेंगी।

28/08/23

(श्रीमन् शुक्ला)
प्रबंध संचालक सह आयुक्त
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्र/बोर्ड/नियमन/FPO-FPC/पार्ट/ 3752 भोपाल, दिनांक 29 /08/2023

प्रतिलिपि

1. अपर संचालक/ संयुक्त संचालक/ अधीक्षण यंत्री/ उप संचालक/ सहायक संचालक (समस्त), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय - भोपाल।

2.. चीफ प्रोग्रामर, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय - भोपाल।

3. परिपत्र फाइल / गार्ड फाइल।

प्रबंध संचालक सह आयुक्त
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल